This question paper contains **8+4** printed pages]

आपका अनुक्रमांक ..............................

**7548**

**B.A. (Programme)/I E-II**

HINDI LANGUAGE (A)—Paper I

हिंदी भाषा (क)—प्रश्न-पत्र I

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं । किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 15+15=30

(क) विकासवाद की व्याख्या के अनुसार धर्म कोई अलौकिक, नित्य और स्वतंत्र पदार्थ नहीं है । समाज के आश्रय से ही उसका क्रमश: विकास हुआ है । धर्म का कोई ऐसा सामान्य लक्षण नहीं बताया जा सकता जो सर्वत्र और सब

P.T.O.

काल में मनुष्य-जाति की जब से उत्पत्ति हुई तब से अब तक – बराबर मान्य रहा हो । समाज की ज्यों-ज्यों वृद्धि होती गई त्यों-त्यों धर्म की भावना में भी देशकालानुसार फेरफार होता गया । कोई समय था जब एक कुल दूसरे कुल की स्त्रियों को चुराना या लड़कर छीनना अच्छा समझता था । देवताओं की वेदियों पर नरबलि देने में किसी के रोंगटे खड़े नहीं होते थे । बाइबिल में इसके कई उल्लेख हैं ।

(*i*) यह अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक कौन हैं ?

(*ii*) धर्म की व्याख्या किस प्रकार की गई है ?

(*iii*) समाज में व्याप्त किन कुरीतियों का उल्लेख हुआ है ?

(*iv*) 'इक' – प्रत्यय के प्रयोग से **तीन** शब्द बनाइए ।

(*v*) मान्य, अलौकिक, सामान्य, काल, धर्म, स्वतंत्र के विलोमार्थक शब्द लिखिए ।

(ख) भाषा मरुतप्राण है, खुले मैदान की ताजी हवा है, भाषा चिड़ियों के कंठ से निकला 'राम-राम के पहर' में सवेरे का कलरोर है, पशुओं के कंठ से रंभाता हुआ आह्वान है, उनका हुँकार है, लोलुप श्वापदों के कंठ से निकला महातामसी गर्जन भी है । भाषा बच्चे की तोतली बोली भी है, माँ की वात्सल्य भरी साँसें भी हैं, विरह-कातर शोक-उच्छ्वास भी है और मुदितचक्षु सुख के क्षणों का मौन-मधु भी है । वज्र की कड़क से लेकर शब्दहीन मौन तक के सारे सहज स्वाभाविक व्यापारों को भाषा अपने स्वभाव से धारण करके चलती है । इसी भाषा को वाक्रूपा कामधेनु या भगवान मानकर वंदित किया है ।

(*i*) यह अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक कौन हैं ?

(*ii*) भाषा के लिए लेखक ने किन विशेषणों का प्रयोग किया है ?

(*iii*) भाषा को मरुतप्राण क्यों कहा है ?

(*iv*) माँ और बच्चे के बीच भाषा कैसा संबंध बनाती है ?

(*v*) लोलुप, तामसी, स्वाभाविक – शब्दों के अर्थ लिखते हुए वाक्य बनाइये ।

(ग) काल्पनिक और वास्तविक की चर्चा के संबंध में कहूँ तो सजीव, विश्वसनीय लेखन के लिए जरूरी नहीं कि जीवन में से उठाई गई किसी घटना का यथावत् चित्रण कर दिया जाए । बल्कि मैं तो कहूँगा कि कभी-कभी वास्तविकता का यथावत् चित्रण इतना प्रभावशाली नहीं होता जितना कल्पना की मदद से किया गया चित्रण । कल्पना की उड़ान से मतलब मनगढ़ंत चित्रण नहीं है । कथानक के विकास के अनुरूप ही आपके पात्रों का व्यवहार होगा और आपकी कल्पना द्वारा नई-नई स्थितियों का आविष्कार भी । बेशक, वास्तविकता की जानकारी आधार का काम करेगी, पर उसके अंदर पाई जाने वाली सच्चाई का उद्घाटन कल्पना द्वारा

ही होगा, वरना आप पढ़ते रहिए, तथ्य और आँकड़े बटोरते रहिए ।

(i) यह अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक कौन हैं ?

(ii) इसमें प्रयुक्त प्रमुख विचार-बिंदुओं का उल्लेख कीजिए ।

(iii) सजीव और विश्वसनीय लेखन के लिए क्या-क्या जरूरी है ?

(iv) 'कल्पना की उड़ान से मतलब मनगढ़ंत चित्रण नहीं है' – इसका आशय स्पष्ट कीजिए ।

(v) काल्पनिक, वास्तविकता, सच्चाई – शब्दों में प्रयुक्त प्रत्यय छाँटिए तथा उनके मूल शब्द बताइए ।

2. दिए गए प्रश्नों के आधार पर निम्नलिखित अनुच्छेद का विश्लेषण कीजिए :

पचास साल के बाद का भारत कृषि और औद्योगिक क्रांति से उभरा हुआ भारत है, जो अपने औपनिवेशिक चोले को मूल

रूप से त्याग चुका है । यह 'साहब, बाबू और चपरासी' वाले परजीवी मध्यम वर्ग का भारत नहीं है । यह तो विकासशील कृषि और उद्योगों से जुड़े, विज्ञान और टेक्नोलॉजी के ज्ञान और दक्षता के वाहक एक आर्थिक आत्मनिर्भरता, उत्पादकता, उद्यमशीलता, जोखिम उठाने की क्षमता आदि नए मूल्यों और मानकों के प्रतिनिधि नए मध्यम वर्ग का भारत है, जिसने भारत का मस्तक पूरे विश्व में ऊँचा किया है । भारत में नए-नए पेशों, व्यवसाय, दक्षता और प्रवीणता के बहुआयामी प्रसार और विविधता ने इस नव-मध्यम वर्ग को नया चरित्र, नया विस्तार और गहराई प्रदान की है ।

(*i*) उपर्युक्त अनुच्छेद का केन्द्रीय भाव लिखिए । 4

(*ii*) "यह 'साहब, बाबू और चपरासी' वाले परजीवी मध्यम वर्ग का भारत नहीं है" – आशय स्पष्ट कीजिए । 3

(*iii*) 'यह नव मध्यम वर्ग का भारत है' – को आरंभिक वाक्य बनाकर एक अनुच्छेद लिखिए । 3

3. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×3=15

(*i*) प्रत्येक देश का साहित्य 'जनसमूह के चित्त का चित्रपट' कैसे है ?

(साहित्य जनसमूह के हृदय का विकास है)

(*ii*) 'सिंह-वृत्ति से जीविका ग्रहण करना' – से कहानीकार क्या कहना चाहता है ? (गुण्डा)

(*iii*) आदिम युग में स्त्री की स्थिति कैसी थी ? पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए । (समाज और व्यक्ति)

(*iv*) हिंदी साहित्य में भारतेन्दु का योगदान स्पष्ट कीजिए ।

(आधुनिक हिंदी साहित्य की राजनीतिक विरासत)

(*v*) राष्ट्र के सामाजिक गठन की प्रक्रिया का उल्लेख कीजिए । (अस्मिताओं का संघर्ष)

(*vi*) प्राचीन साहित्य में व्यंग्य किस रूप में था ?

(हँसो हँसो जल्दी हँसो)

(*vii*) अमेरिका द्वारा इराक पर चढ़ाई क्यों की गई थी ?

(शक्ति का केन्द्रीकरण)

4. 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(*i*) आज के निम्न-मध्य वर्ग में प्रेम की अपेक्षा आर्थिक संघर्ष क्यों महत्वपूर्ण हो गया है ?

(*ii*) तन्ना अस्वस्थ क्यों रहने लगा ?

(*iii*) जमुना और माणिक मुल्ला की प्रेम कथा की मार्क्सवादी व्याख्या कैसे की गई है ?

(*iv*) महेसर दलाल का चरित्र समाज के किस रूप को उजागर करता है ?

(*v*) सत्ती और चमन ठाकुर के बीच कटुता क्यों बढ़ती गई ?

(*vi*) सत्ती का माणिक मुल्ला पर से विश्वास कब और क्यों टूटा ?

(*vii*) जमुना का नमक माणिक मुल्ला ने कैसे अदा किया ?

**अथवा**

'यात्राएँ' के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(*i*) 'झेलम से हरिन बांगा तक' में सीमा सुरक्षा बल किन अर्थों में अनूठा है ?

(*ii*) निकोलस रोरिक की तपोभूमि के सौन्दर्य का वर्णन कीजिए ।

(*iii*) मारिशस की राजभाषा क्या है ? वहाँ अन्य कौनसी भाषाएँ बोली जाती हैं ?

(*iv*) लिच्छवी नरेश ने नौ लाख स्वर्ण मुद्राओं के स्थान पर कनिष्क राज को क्या देकर मित्रता की ?

(*v*) 'सिगरी उन महिलाओं में से नहीं थी जो अपनी पराजय स्वीकार कर लेती हैं', उनके जीवन की किसी एक घटना के माध्यम से सिद्ध कीजिए ।

(*vi*) 'हिन्द महासागर का मोती' किसे कहा गया है और क्यों ?

(*vii*) रॉबिन हुड की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए ।

5. किसी **एक** विषय पर परिचर्चा **अथवा** टिप्पणी लिखिए : 10

(*i*) लोकपाल बिल;

(*ii*) आधुनिक शिक्षा प्रणाली;

(*iii*) मोबाइल फोन कितना जरूरी ।

6. निम्नलिखित संवाद को कथांश में रूपान्तरित कीजिए : 5

नन्हकू ने उन्मत्त होकर कहा – "मालिक ! जल्दी कीजिए ।" दूसरे क्षण पन्ना डोंगी पर थी और नन्हकूसिंह फाटक पर इस्टाकर के साथ । चेतराम ने आकर एक चिट्ठी मनियार सिंह को हाथ में दी । लेफ्टिनेण्ट ने कहा – "आपके आदमी गड़बड़ मचा

रहे हैं । अब मैं अपने सिपाहियों को गोली चलाने से नहीं रोक सकता ।"

"मेरे सिपाही यहाँ कहाँ हैं, साहब ?" – मनियार सिंह ने हँसकर कहा । बाहर कोलाहल बढ़ने लगा ।

चेतराम ने कहा – "पहले चेतसिंह को कैद कीजिए ।"

"कौन ऐसी हिम्मत करता है ?" कड़ककर कहते हुए बाबू मनियार सिंह ने तलवार खींच ली ।

7. (क) कोश का परिचय देते हुए उसकी उपयोगिता बताइए । 5

(ख) हिंदी शब्दकोश में प्रविष्टि के आधार पर निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : 5

पुण्य, प्रतीक, आज्ञा, उपाय, सुख, परंपरा, चेतना, आदर्श, कुंभ, कृषक ।

**अथवा**

किन्हीं **दो** अवधारणामूलक शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए :

साहित्य, मनोविश्लेषण, स्वराज्य, नारीवाद ।

(ग) किन्हीं **पाँच** वाक्यों का पदक्रम ठीक कीजिए : 5

(*i*) मूल्यों पर आधारित गुणवत्ता है उच्च शिक्षा की ।

(*ii*) मुक्ति के बिना अधूरी है हमारी आज़ादी स्त्री और दलितों की ।

(*iii*) पूजन बैठकर कर रही थी राजमाता पन्ना शिवालय में ।

(*iv*) दुश्मन औरत की होती है औरत ही ।

(*v*) हास्य-व्यंग्य कठिनाइयों को बनाता है निश्चित ही सहनीय ।

(*vi*) अस्मिता की लड़ाई संवैधानिक या न्यायिक लड़ी जा सकती है स्तर पर भी ।

(*vii*) पुराने हमारे आर्यों का साहित्य वेद है ।